# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 17 मार्च, 2016/27 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 18**

----

### पत्र पर कार्रवाई

1257 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के जन प्रतिनिधि द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव (लोक निर्माण) हि0 प्र0 सरकार को जिला मण्डी के लिए नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत सड़कों की जानकारी बारे भेजा पत्र प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो यह पत्र उन्हें कब प्राप्त हुआ; और

(ग) इस पत्र के माध्यम से मांगी गई जानकारी उन्हें कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

### भूमि का हस्तांतरण

1258 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भून्तर सब्जी मण्डी की भूमि कृषि विभाग के नाम हस्तांतरित हो चुकी है; यदि हां, तो कब; और

(ख) यदि नहीं, तो सरकार इस वन भूमि को कब तक कृषि विभाग के नाम करने का विचार रखती है;

(ग) गत तीन वर्षों में इस सब्जी मण्डी की मार्किट कमेटी के आय-व्यय का लेखा सभा पटल पर रखें; इस अवधि में कितनी आय हुई तथा यह राशि कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(घ) इस कमेटी में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; इनमें से कितने नियमित हैं तथा शेष कर्मचारियों को कब तक नियमित कर दिया जायेगा?

----

## सूचना पट्टिकाएं

1259 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पूर्व में प्रदेश के लोक निर्माण अथवा अन्य विभागों के विश्राम गृहों के सूचना पट्ट पर विभिन्न श्रेणी के कमरे के किराये का उल्लेख रहता था; और

(ख) यदि हां, तो इन सूचना पट्टिकाओं को हटाने के क्या कारण हैं और सरकार क्या पुनः पट्टिकायें लगाने का निदेश देगी?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

1260 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला कूट में अध्यापकों के कितने पद सृजित हैं;

(ख) इनमें से कितने रिक्त हैं; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## कार्य हेतु निविदाएं

1261 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने पंचायतों हेतु स्वीकृत 50,000 रू0 से अधिक राशि के कार्यों को ठेकेदारों के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रक्रिया को शुरू करने से पंचायतों को क्या लाभ होगा; विवरण दें; और

(ग) इस प्रक्रिया में पंचायत प्रधानों की क्या भूमिका रहेगी; विवरण दें?

----

## बस सेवा

1262 **श्री विनोद कुमार(नाचन) ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस जो शिमला से गोहर चलती है वह वाया गागल मंडी से होकर चलती है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस बस को वाया गागल न होकर सीधे शिमला से गोहर चलाने पर विचार करेगी; विवरण दें; और

(ग) सुन्दरनगर से बृखमणी तक बस सेवा को क्या बंद कर दिया गया है; यदि हां तो कारण?

----

## विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कार्य

1263 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में चौपाल लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत भारत निर्माण, विश्व बैंक, नाबार्ड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य प्रारम्भ किए गए; कितने पूर्ण किए गए तथा कितने अधूरे हैं; ब्यौरा विभिन्न कार्यों के लिए आबंटित एवं व्यय की गई धनराशि सहित दें?

----

## बुलडोजर का विकल्प

1264 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा बर्फ हटाने हेतु बुलडोज़र का प्रयोग किया जाता है जिस कारण सड़कों की मैटलिंग उखड़ जाती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार बर्फ हटाने हेतु अन्य प्रकार की मशीनें प्रयोग में लाने का विचार रखती है?

----

## ऐंटीहेल नेट

1265 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार सब्ज़ी की फसलों को ओलों से बचाने हेतु प्रयोग की जाने वाली नेट पर 80% अनुदान देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख)सरकार प्रदेश में किसानों की फसलों को आवारा पशुओं व जंगली जानवरों से बचाने के लिए कांटेदार तार व खम्भे उपलब्ध करवाने हेतु इसी तर्ज़ पर उपदान देने का विचार रखती है?

----

## भूमि का चयन

1266 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग के सर्वे अनुसार पतलीकूहल स्थित सब्जी मण्डी का कुछ भाग प्रस्तावित फोरलेन में आ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार सब्जी मण्डी हेतु अन्य स्थान का चयन करने पर विचार करेगी; ब्यौरा दें?

----

## भूमि का उपयोग

1267 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मनाली के रंगरी नामक स्थान पर बिजली बोर्ड का रैस्ट हाऊस और अन्य भवन स्थित थे;

(ख) यदि हाँ, तो क्या वर्ष 1995 की बाढ़ में रैस्ट हाऊस और अन्य भवन बह गए थे; और

(ग) इस स्थान पर बिजली बोर्ड की कितनी भूमि शेष है तथा इस भूमि का क्या उपयोग किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## स्टोन क्रैशर

1268 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)**:

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला सिरमौर के अन्तर्गत कितने stone crashers चल रहे हैं; ब्यौरा नाम व स्थान सहित दें;

(ख) इनमें से कितनों की पट्टा अवधि समाप्त हो चुकी है; ब्यौरा दें;

(ग) कितने stone crashers stock permission पर चल रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) कितने stone crashers ने E.I.A (पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण-पत्र) विभाग से प्राप्त किए हैं; ब्यौरा दें?

----

## न्यायालय की स्थापना

1269 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार शिलाई में सब-जज न्यायालय (Sub-Judge Court) स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस न्यायालय की स्थापना कब तक कर दी जायेगी; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या पांवटा साहिब में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश का स्थाई न्यायालय खोलने पर भी विचार करेगी; ब्यौरा दें?

----

## पुलिस चौकी सिहुन्ता

1270 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस चौकी सिहुन्ता का दर्जा बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

1271 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
सरकार भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न शैक्षणिक संस्थानों के भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है:-

(i) राजकीय माध्यमिक पाठशाला गेरना Under Complex Chowari;

(ii) राजकीय प्राथमिक पाठशाला गेरना, शिक्षा खण्ड चुवाड़ी;

(iii) राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरेरा-2, शिक्षा खण्ड बनीखेत; और

(iv) राजकीय प्राथमिक पाठशाला चक्की, शिक्षा खण्ड सिहुन्ता; ब्यौरा दें ?

----

## विकेन्द्रीयकृत नियोजन

1272 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में De-centralized Planning व Sectoral Decentralized Planning मद में जिला सिरमौर को वर्षवार कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; यह धनराशि किस-किस कार्य पर व्यय की गई; ब्यौरा कार्य का विधान सभा क्षेत्रवार दें?

----

## भवन निर्माण

1273 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत सत्यास व देवीकोठी की माध्यमिक पाठशालाओं के भवनों का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

----

## डी0 पी0 आर0 की अद्यतन स्थिति

1274 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2014-15 में इंदौरा विधान सभा निर्वाचन

क्षेत्र की विधायक प्राथमिकताओं की योजनाओं की डी0पी0आर0 कब तक तैयार कर दी जायेंगी; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 1 मार्च, 2016 .** **सचिव।**